**सं.डीएसआईआर/एमएस/2020/11**

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

मंत्रिमंडल हेतु मासिक सार

(**वर्ष**2021 के **नवम्बर** माह हेतु)

(भाग-। अवर्गीकृत)

**<u>नवंबर 2021 माह के दौरान प्रमुख उपलब्धियां:</u>**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

**विकसित/हस्तांतरित नवीन प्रौद्योगिकियां/प्रक्रियाएं**

- सीएसआईआर-एनसीएल ने "मरीन बेसिलस स्प. एसजीडी-03 से लेवन के दक्ष उत्पादन हेतु हाई-थ्रूपुट माइक्रो बायोरिएक्टर प्रॉसेस" पर एक नया प्रकटीकरण (डिसक्लोज़र) प्रस्तुत किया ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई ने 'दाल के पापड़' बनाने की प्रक्रिया को मेसर्स जेएमडी फूड प्रॉडक्ट्स, औरंगाबाद, महाराष्ट्र को हस्तांतरित किया है ।

**हस्ताक्षरित सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन (राष्ट्रीय)**

- सीएसआईआर-सीसीएमबी और वाइल्डलाइफ एसओएस, नई दिल्ली समझौता ज्ञापन: जंगली पशुओं की तुलना में पिंजड़े में बंद पशुओं के गट माइक्रोबियम प्रोफाइल और मेटाबोलोम प्रोफाइल्स को मॉनीटर करने के लिए अनुसंधान संबंधी रणनीतियां एवं प्रोटोकॉल ।
- सीएसआईआर-सीसीएमबी और महात्मे आई बैंक आई हॉस्पिटल, नागपुर: सिकल सेल एनीमिया के लिए जेनेटिक स्क्रीनिंग, कैरियर डिटेक्शन, क्लीनिकल एवं जेनेटिक काउंसलिंग और बेहतर जेनेटिक मार्कर विकसित करने की दिशा में, क्लीनिकल कोर्स के विषय में पूर्व सूचना तथा रोगियों में हाइड्रोक्सीयूरिया थेरेपी से संबंधित प्रतिक्रिया ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई:
  - सीएसआईआर-सीएफटीआरआई में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के अनुसार पीएमएफएमई इनक्यूबेशन सेंटर के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 18 नवंबर, 2021 को कर्नाटक एग्रीकल्चर प्रोड्यूस प्रॉसेसिंग एंड एक्सपोर्ट काउंसिल (केएपीपीईसी), बेंगलुरु के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।

- फोर्टीफिकेशन और उपोत्पाद उपयोग पर सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास परियोजना हेतु दिनांक 30 नवंबर, 2021 को नेशनल शुगर इंस्टिट्यूट, कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- सीएसआईआर-सीआईएमएफआर द्वारा हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय करारः

  - कोयला नमूनाकरण कार्य (कोल सैम्पलिंग वर्क) हेतु नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, एटी + पीओ - सिंगरौली, एम.पी.; मेसर्स मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद ।

  - कोयला नमूनाकरण कार्य (कोल सैम्पलिंग वर्क) हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), एसईसीएल भवन, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़; मेसर्स आर.के.एम पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नै और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद ।

  - कोयला नमूनाकरण कार्य (कोल सैम्पलिंग वर्क) हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), एसईसीएल भवन, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़; मेसर्स जिंदल पॉवर लिमिटेड, रायगढ़, छत्तीसगढ़ और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद ।

  - कोयला नमूनाकरण कार्य (कोल सैम्पलिंग वर्क) हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), एसईसीएल भवन, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़; एमबी पॉवर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड, अनूपपुर और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद ।

  - कोयला नमूनाकरण कार्य (कोल सैम्पलिंग वर्क) हेतु सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, दरभंगा हाउस, रांची, नाभा पॉवर लिमिटेड, पटियाला, पंजाब और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद ।

  - कोयला नमूनाकरण कार्य (कोल सैम्पलिंग वर्क) हेतु महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, ओडिशा; एमबी पॉवर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड, अनूपपुर और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद ।

  - कोयला नमूनाकरण कार्य (कोल सैम्पलिंग वर्क) हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), एसईसीएल भवन, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़; मेसर्स आर.के.एम पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नै और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद ।

  - कोयला नमूनाकरण कार्य (कोल सैम्पलिंग वर्क) हेतु महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, ओडिशा; मेसर्स आर.के.एम पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नै और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद ।

- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास सहयोग के लिए हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल यूनिवर्सिटी (सेंट्रल यूनिवर्सिटी), श्रीनगर, जिला गढ़वाल (उत्तराखंड) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-आईआईसीटी ने यूरेथेन एक्रिलेट्स के संश्लेषण के लिए साईं लाइफसाइंसेज, हैदराबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए; 40% ग्लाइऑक्सल व 50% ग्लाइऑक्ज़ेलिक अम्ल हेतु प्रक्रिया विकास तथा ग्लाइऑक्ज़ल के 20,000 टीपीए और ग्लाइऑक्ज़ल अम्ल के 10,000 टीपीए हेतु वाणिज्यिक संयंत्र क्षमताओं की दृष्टि से बीडीआर के लिए लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, मुम्बई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-एनसीएल ने एटोरवास्टेटिन और रोउवास्टेटिन दवाओं के स्टेटिन वर्ग के लिए प्रक्रिया के विकास हेतु आर्कफार्मा लिमिटेड के साथ परियोजना करार पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-एनसीएल ने प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के साथ परामर्श और तकनीकी सेवाओं के लिए करारों पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-एनजीआरआई: सूक्ष्म भूकंपीय विशेषताओं की सटीक पहचान और भारतीय अपतटीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में फाइन स्केल वेलॉसिटी स्ट्रक्चर्स को निरूपित करने के लिए जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

**हस्ताक्षरित सहयोग/करार/ समझौता ज्ञापन (अंतर्राष्ट्रीय)**

- सीएसआईआर-सीसीएमबी को 'ऑप्टिमाइज़' नामक आरसीयूके ग्रान्ट्स (एमआरसी, यूके) के अंतर्गत एक बहु-राष्ट्रीय सहयोगात्मक अनुदान स्वीकृत किया गया है: गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों में जलन/ सूजन और असंक्रामक रोग से संबंधित खतरे को संतुलित करने के लिए ऑप्टिमल प्रीकंसेप्शन न्यूट्रिशन।

**पेटेंट अपडेटः**

| फाइल किए गए पेंटेट | | प्रदत्त पेटेंट | | पेटेंट अभियोजन | |
|---|---|---|---|---|---|
| **भारत** | **विदेश*** | **भारत** | **विदेश*** | **भारत** | **विदेश** |
| 22 | 07 | 10 | 06 | 26 | 112 |

*उक्त अवधि के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किए गए आंकड़े बाद में राष्ट्रीय चरण की प्रविष्टियों के दौरान बढ़ सकते हैं ।

**प्रदान की गई उच्च प्रभाव वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) सेवाएं**

- सीएसआईआर-सीसीएमबी ने 112 नमूनों को समाविष्ट करने वाले 97 परिवारों के लिए मॉलिक्युलर डायग्नॉस्टिक्स सर्विसेज़ प्रदान कीं ।
- सीएसआईआर-सीआरआरआई:
    - टाटा स्टील लिमिटेड, जमशेदपुर के लिए प्राकृतिक एग्रीगेट के विकल्प के रूप में फेरो क्रोम स्लैग के साथ निर्मित हाई वॉल्यूम ट्रैफिक फुटपाथ का परीक्षण अंश एवं निष्पादन मूल्यांकन ।
    - जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लिए राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ, भारतमाला परियोजना के फेज-I के तहत रायसिंहनगर से पूगल (डिजाइन Ch.101.00 से Ch.263.460 तक) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के पुलों/फ्लाईओवरों का संरचनात्मक मूल्यांकन और उपचारात्मक उपाय ।
    - वेदांता लिमिटेड के लिए सड़क निर्माण और संरचनात्मक भरण के रूप में लाल मिट्टी की अपशिष्ट सामग्री का व्यवहार्यता अध्ययन ।
    - भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) हेतु केशोद हवाई अड्डे पर हवाईअड्डा पार्किंग स्टैंड/एप्रन का सुदृढ़ीकरण/पुनर्वासन ।
    - केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) हेतु हरामी नाला, गुजरात के भाग पर क्रॉस ड्रेनेज स्ट्रक्चर (पत्थर/रॉकफिल तटबंध) बनाने हेतु तकनीकी समाधान ।
- सीएसआईआर-आईआईपी:
    - प्राकृतिक गैस से ग्रेड 'ए' हीलियम के उत्पादनार्थ हाइब्रिड प्रक्रिया पर आधारित प्रदर्शन संयंत्र का डिजाइन: प्रायोगिक संयंत्र- ओएनजीसी ऊर्जा के लिए टीआईपी विकास।
    - $CO_2$ से मेथनॉल के हाइड्रोजनीकरण के लिए स्वदेशी उत्प्रेरक - एनटीपीसी नेत्र का विकास
    - डिजाइन थ्रूपुट प्राप्त करते हुए टाइप-I वैक्स के उत्पादनार्थ आईओसीएल (एओडी) की डिगबोई रिफाइनरी में एसडीयू में पीडब्ल्यूडी और एचडब्ल्यूडी प्रवाहों के प्रसंस्करण हेतु प्रायोगिक, सिमुलेशन-कम-ट्रबलशूटिंग कार्य।
- सीएसआईआर-एनसीएल: विभिन्न उद्योगों और अकादमिक तथा जीनोटाइपिक, फेनोटाइपिक अभिनिर्धारण जैसी संबंद्ध सेवाओं हेतु लगभग 1000 माइक्रोबियल कल्चर्स की आपूर्ति की ।

  सीएसआईआर-एनसीएल: भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड हेतु वार्निश के प्रकार के अभिनिर्धारण हेतु ओवरप्रिंट वार्निश का विश्लेषण ।

- सीएसआईआर-एनजीआरआई: जारी हेलिबोर्न भूभौतिकीय सर्वेक्षण प्रचालन
    - 5 अक्टूबर को एईएम सर्वेक्षण शुरू हुआ और जोधपुर-पोखरण सर्वेक्षण ब्लॉक में अब तक ~ 9000 लाइन किमी के साथ एईएम डाटा प्राप्त किया
    - थलसेरी (केरल) और मैसरू (कर्नाटक) के बीच शुरू होने वाली रेल सुरंग परियोजना के लिए एईएम सर्वेक्षण आरंभ किया
    - कौशांबी और कानपुर, उ.प्र. के बीच गंगा-यमुना दोआब के कुछ भागों में भूभौतिकीय (ईआरटी और टीईएम) सर्वेक्षण आरंभ किया

**आउटरीच गतिविधियां (जिज्ञासा, कौशल विकास और अन्य)**

- माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीएसआईआर जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए भारत की पहली वर्चुअल साइंस लैब का शुभारंभ किया । सीएसआईआर वर्चुअल लैब न केवल देश के हर कोने में छात्रों के सभी वर्गों तक विज्ञान पहुंचाएगी, अपितु यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के भी अनुरूप है, जहां छात्रों को कोई भी विषय चुनने की अनुमति दी जाती है और कांसेप्ट ऑफ स्ट्रीम्स समाप्त कर दिया गया है । इस नई सुविधा से केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सरकारी स्कूलों के छात्रों को अत्यधिक लाभ होगा ।
- सीएसआईआर-4पीआई: जिज्ञासा प्लेटफॉर्म के सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर -एनएमएल) आउटरीच कार्यक्रम में गेम्स एंड टॉयज इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (आईआईएसएफ) 2021 के महोत्सव का पूर्व प्रदर्शन (प्रिव्यू) किया गया ।
- सीएसआईआर समेकित कौशल पहल के तत्त्वावधान में 'एनर्जी एफिशिएंट बिल्डिंग टेक्नोलॉजीज फॉर हॉट एंड कोल्ड क्लाइमेट' संबंधी सीएसआईआर-सीबीआरआई वेबिनार सीरीज 16.0 सफलतापूर्वक आयोजित की गई ।
- सीएसआईआर-सीबीआरआई ने हिमकोस्टे के सहयोग से चंबा (हिमाचल प्रदेश) में "चंबा में भूकंप प्रतिरोधी निर्माण" संबंधी दो दिवसीय कार्यशाला-एवं-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया ।
- विश्व प्रतिसूक्ष्मजीवी जागरूकता सप्ताह 2021 के दौरान, सीएसआईआर-सीसीएमबी ने 'सुपरहीरो अगेन्स्ट सुपरबग्स' के माध्यम से भारत में सूक्ष्मजीवीरोधी प्रतिरोध से लड़ने के लिए कार्य कर रहे विशेषज्ञों के साथ साक्षात्कार श्रृंखला का एक सेट जारी किया ।
- डॉ. जी उमापति, लैकोन्स-सीसीएमबी और तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस सोसाइटी के छात्रों के बीच 23 नवंबर को मिलो सीसीएमबी - वैज्ञानिक आपसी संपर्क सत्र आयोजित किया गया ।
- सीएसआईआर-सीडीआरआई: आईआईएसएफ (भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव) 2021 के भाग के रूप में छात्र आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया था । यह कार्यक्रम जिज्ञासा और विभा (विज्ञान भारती) के सहयोग से आयोजित किया गया था ।

- सीएसआईआर-सीईसीआरआई ने जिज्ञासा के तहत कनेक्ट विद साइंटिस्ट्स वेबिनार सीरीज आयोजित की ।
- सीएसआईआर-सीईसीआरआई द्वारा "विद्युत रासायनिक ऊर्जा स्रोत: लैड एसिड बैटरी- देखभाल और रखरखाव" पर एक सप्ताह का ऑनलाइन कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई: जिज्ञासा के तहत, जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों के लिए साइंटिस्ट-स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम शुरू किया गया ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई द्वारा आजीविका सृजन के लिए संधारणीय ग्रामीण खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों पर एक वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई: सीएसआईआर जिज्ञासा कार्यक्रम के 5वें वेबिनार में, डॉ. अरविंद सी रानाडे द्वारा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और विज्ञान पर व्याख्यान दिया गया ।
- सीएसआईआर-सीएसआईओ ने " इंट्रोडक्शन टू सीएसआईआर जिज्ञासा वर्चुअल लैब" संबंधी एक वेबिनार आयोजित किया ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी:
    - "जिज्ञासा" कार्यक्रम के तहत विवेका फाउंडेशंस स्कूल, मानसिंबल, तहसील पालमपुर, (हिमाचल प्रदेश) के नौ छात्रों और दो शिक्षकों ने सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर का दौरा किया ।
    - सीएसआईआर फ्लोरिकल्चर मिशन और जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत टीम सीएसआईआर-आईएचबीटी ने "बागवानी के लाभ" विषय पर जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी), पपरोला, हिमाचल प्रदेश के 8वीं कक्षा के 46 छात्रों और 4 शिक्षकों के साथ एक अन्योन्यक्रिया सत्र आयोजित किया ।
    - सीएसआईआर-एकीकृत कौशल पहल के तहत, सीएसआईआर-आईएचबीटी में "प्रोटेक्टेड कल्टिवेशन ऑफ फ्लॉवर क्रॉप्स" पर आठ दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में संत बाबा भाग सिंह यूनीवर्सिटी, खियाला, जालंधर, पंजाब के बी.एससी. कृषि के नौ छात्रों ने भाग लिया ।

- सीएसआईआर-आईआईसीटी:
    - सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल के तहत, सीआरसीएल अधिकारियों के छठे बैच के लिए स्पेक्ट्रोस्कॉपी और क्रोमैटोग्राफी में विश्लेषणात्मक तकनीकों पर पांच सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया ।
    - सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल के तहत, "प्रोसेस प्लांट ड्राफ्टिंग यूजिंग ऑटोकैड" पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

- वर्चुअल लैब प्लेटफॉर्म के शुभारंभ के दौरान, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान मंत्री तथा उपाध्यक्ष, सीएसआईआर डॉ जितेंद्र सिंह ने सीएसआईआर जिज्ञासा पहल के तहत सीएसआईआर-आईआईसीटी जेडएम स्कूल के छात्रों के साथ बातचीत की ।

**आयोजित सम्मेलन, सेमिनार/वेबिनार**

- सीएसआईआर-केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की ने यूनीवर्सिटी ऑफ सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से 15 से 19 नवंबर 2021 तक "रिसेंट ट्रेंड्स एंड प्रैक्टिसेज ऑफ जियो इंजीनियरिंग" पर एक सप्ताह की व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की ।
- एडीवीईटीसीओएन 2021: सीएसआईआर-सीसीएमबी द्वारा वन्यजीव संरक्षण में प्रजनन प्रौद्योगिकियों में हाल ही की प्रगति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई: 25 और 26 नवंबर, 2021 को खाद्य श्रृंखला में प्रतिसूक्ष्मजीवी प्रतिरोध पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की ।
- सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद में 'खनन एवं ऊर्जा क्षेत्रों हेतु नेक्सजेन प्रौद्योगिकियां' पर दिनांक 18 नवंबर, 2021 को राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया ।
- रेक्स फ्यूल्स के सहयोग से सीएसआईआर-सीआरआरआई ने 'बेहतर सड़कों हेतु नई प्रौद्योगिकियां' थीम सहित बिटूमेन एवं सड़क क्षेत्र पर ताज पैलेस, नई दिल्ली में 25 नवंबर, 2021 को राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया ।

**कोविड सम्बन्धी प्रगति**

- माननीय केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कम समयावधि में दुर्गम और कठिन क्षेत्रों में कोविड वैक्सीन तथा इमरजेंसी मेडिसिंस के लिए अपनी तरह की पहली ड्रोन ड्रिवन एरियल डिलिवरी फैसिलिटी का शुभारंभ किया । कोविड वैक्सीन के 50 वाइअल्स की पहली खेप मारह क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) के निकट डिलिवर की गई । 'ऑक्टेकॉप्टर' ड्रोन सीएसआईआर- राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है ।
- सीएसआईआर-सीसीएमबी: कोविड नमूने- 3000 आरटी-पीसीआर टेस्ट्स और 3500 नमूनों की सीक्वेंसिंग
- सीएसआईआर-आईआईपी:
  - मेडिकल ग्रेड, ऑक्सीजन से दक्ष वायु पृथक्करण हेतु एन2 अधिशोषक का इक्विलिब्रियम आधारित मूल्यांकन जारी है ।
  - कोविड-19 जांच हेतु कुल 964 नमूने प्राप्त हुए । सभी 964 नमूनों की जांच की गई और आईसीएमआर पोर्टल पर डेटा अपलोड किया गया ।
  - सीएसआईआर-एनसीएल: कोविड-19 प्लास्टिक पीपीई स्यूट्स की संधारणीय और सुरक्षित रिसाइक्लिंग संबंधी प्रायोगिक स्तर की परियोजना पुणे में सफलतापूर्वक पूरी की गई ।

इसने दर्शाया कि प्लास्टिक उत्पादों की रेंज को सफलतापूर्वक प्रोसेस किया जा सकता है ।

**संस्थान/प्रयोगशाला में उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- झारखंड के माननीय राज्यपाल श्री रमेश बैस, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के प्लेटिनम जुबली वर्ष समारोहों के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा माननीय सांसद, धनबाद, श्री पी.एन. सिंह, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के प्लेटिनम जुबली वर्ष समारोहों के समापन कार्यक्रम के गेस्ट ऑव ऑनर थे । पद्म भूषण डॉ. वी.के. सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के प्लेटिनम जुबली वर्ष समारोहों के समापन कार्यक्रम के गेस्ट ऑव ऑनर थे ।

**विभागीय गतिविधियां**

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) को प्रौद्योगिकी संवर्धन, विकास तथा समुपयोजन के साथ ही औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने का दायित्व सौंपा गया है। देश में अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा देने तथा संपोषित करने की दृष्टि से, विभाग औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (साइरोज) तथा सरकारी वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों (पीएफआरआईएस) के लाभ के लिए नहीं, उद्योगों की संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता प्रदान एवं उनका पंजीकरण करता है और संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं (समय-समय पर यथसंशोधित) के तहत इन मान्यताओं/पंजीकरणो का समय-समय पर नवीकरण करता है जिसके आधार पर इन संगठनों को उद्योग द्वारा अनुसंधान तथा विकास पर सीमा-शुल्क छूट, माल तथा सेवा कर (जीएसटी) रियायत तथा भारित कर कटौती (आयकर अधिनियम की धारा 35 (2एबी) के तहत) प्राप्त होती है। यह योजना देश में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करती है।

**औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम**
**उद्योग में संस्थागत अनुसंधान और विकास (आर एंड डी )की मान्यता/पंजीकरण तथा नवीनीकरण**

• उद्योगों की 42 संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को मान्यता प्रदान करने के साथ-साथ पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

**सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान शोध संस्थान (पीएफआरआई)**
**पीएफआरआई का नवीनीकरण/पंजीकरण**

- 01 पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान करने की मान्यता दी गई।
- 10 पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाण-पत्र के नवीकरण की मान्यता दी गयी।

**वैकत्यिक,स्टार्टअप्स और एमएसएमई में नवोन्मेष का संवर्धन(प्रिज्म);**

'बाई-जेंडर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक मशीन का विकास'से संबन्धित परियोजना को सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया।

**<u>सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम</u>**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल डीएसआईआर का उपक्रम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं तथा अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक रूप से समुपयोजन करना है। इसने अपने स्वयं के अनुसंधान और विकास प्रयासों से देश में पहली बार अनेक उत्पादों का विकास किया है और यह रेलवे एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण/घटकों एवं अन्यों हेतु सोलर फोटोवोल्टैक प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक्स गजट्स के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर सतत बल देता रहा है।

- कंपनी ने नवंबर, 2021 के दौरान 2416.99 लाख रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटकों सिस्टम्स/ एसपीवी उत्पादों का विनिर्माण किया।

- नवंबर, 2021 के दौरान 2391.37 लाख रुपए मूल्य का माल बेचा गया।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

एनआरडीसी विश्वविद्यालयों, तकनीकी संगठनों, उद्योगों तथा व्यक्तिक आविष्कारों के साथ ही साथ दीर्घावधि संबंधों को पोषित करते हुए प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और सुदृढ करने पर ज़ोर देता आ रहा है।

• एनआरडीसी ने आयुष -64 के निर्माण के लिए वाणिज्यिक उपयोग के उद्योगों को 09 प्रौद्योगिकी लाइसेंस दिया है। इन कंपनियों को आयुष -64 एक आयुर्वेदिक दवा के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का लाइसेंस प्रदान किया गया है जिसे कोविड -19 के हल्के से मध्यम मामलों के प्रतिकूल उपयोग के लिए पुनः तैयार किया गया है। नवंबर, 2021 के दौरान एनआरडीसी को 3 संस्थानो /संगठनों द्वारा प्रौद्योगिकी प्रदान की गयी गई है।

• एनआरडीसी ने नवंबर, 2021 के दौरान संबंधित प्रौद्योगिकियों से 33.00 लाख रुपये का प्रीमियम और 6.4 लाख रुपये की रॉयल्टी एकत्र की है।